# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० ~~9431818346~~/9431479774

महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाधयक्ष :– * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम
संयुक्त सचिवः – * राजयनन्द वाडियार
* अनिल कुमार
कोषाधयक्षः – * चन्द्र शेखर सिंह
संयुक्त कोषाधयक्षः – * विनोव आनन्व


पत्रांक :.....14.....

दिनांक 15/4/2015

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री,
बिहार, पटना।

विषय :– सभी सेवा संवर्ग को वार्त्ता हेतु समय निर्धारित करने के संबंध में।

महाशय,

दिनांक 12.04.2015 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार शर्मा के अध्यक्षता में विभिन्न सेवा संवर्ग संगठनों के पदधारकों की बैठक बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन में हुई जिसमें निम्नांकित एसोसियेशन के प्रतिनिधियो ने भाग लिया :–

1 बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
2 बिहार पुलिस सर्विस एसोसियेशन
3 बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ
4 बिहार अभियंत्रण सेवा संघ
5 बिहार वित्त सेवा संघ
6 बिहार पशुपालन सर्विस एसोशियेसन
7 बिहार पुलिस एसोशियेसन
8 बिहार सचिवालय सेवा संघ
9 बिहार पुलिस मेन्स एसोशियेसन
10 बिहार अवर अभियंता सेवा संघ
11 बिहार सहकारिता प्रशासनिक सेवा संघ
12 बिहार प्रदेश फार्मेसी शिक्षक संघ
13 बिहार कृषि सेवा संघ
14 बिहार सांख्यिकी सेवा संघ
15 बिहार सहकारिता अंकेक्षण सेवा संघ
16 बिहार अनुसचिविय कर्मचारी सेवा संघ

दिनांक 29.03.2015 को सभी संवर्गों की हुई बैठक मे प्रोन्नति समिति की बैठक के रोक पर सभी सेवा संवर्ग के द्वारा काफी रोष व्यक्त किया गया था तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि इस मुद्दे पर माननीय मुख्यमंत्री से समाधान हेतु अप्रैल, 15 के दूसरे सप्ताह में सभी सेवा संवर्ग को एक साथ मिलने का समय देने का अनुरोध किया जाय। अप्रैल, 15 के तीसरे सप्ताह तक अगर समाधान नहीं निकलता है तो सभी सेवा संवर्ग एकजुट होकर अप्रैल, 2015 के चौथे सप्ताह में चरणबद्ध आन्दोलन का स्वरूप सरकार को संसूचित करेगा।

उपरोक्त के आलोक में सभी सेवा सम्वर्ग द्वारा पत्रांक–10 दिनांक 31.03.2015 द्वारा भवदीय से वार्ता हेतु समय की मांग की गई थी। परन्तु भवदीय द्वारा अभी तक न तो समय दिया गया है और न ही इस संदर्भ में कोई सकारात्मक निर्णय लिया गया है। जिसपर सभी संघो द्वारा रोष व्यक्त किया गया। क्योंकि प्रोन्नति समिति की बैठक नहीं होने से अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य वर्ग के सभी कर्मी/पदाधिकारियों को प्रोन्नति बाधित है। दुःख इस बात की है कि कई कर्मी/पदाधिकारी वगैर प्रोन्नति पाये सेवानिवृत हो रहे है जबकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रोन्नति देने पर कोई रोक नहीं लगायी गई है। सरकार का दायित्व है कि उत्पन्न स्थिति का समाधान कर प्रोन्नति का रास्ता प्रशस्त करें।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में सभी संघो का भवदीय से विनम्र निवेदन है कि :–

(i) विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक का स्थगन आदेश को तत्काल रद्द करते हुए प्रोन्नति समिति की बैठक प्रारम्भ की जाए।

(ii) दिनांक 12.08.2014 के बाद सेवानिवृत सभी कर्मी/पदाधिकारी को उस तिथि से प्रोन्नति दी जाय, जिस तिथि से उन्हें प्रोन्नति देय था।

(iii) वर्ष प्रारम्भ होने से पूर्व पूरे एक वर्ष का रिक्ति का आकलन कर Roaster Clearance कर प्रोन्नति समिति की बैठक जनवरी/फरवरी माह में करना सुनिश्चित कराया जाए।

(iv) सभी संवर्गों को प्रोन्नति के अतिरिक्त अन्य नियमानुकूल समस्याओं का सुनवाई करने, समाधान के लिए कारगर कदम उठाने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय निवारण समिति का गठन किया जाए जिसमें सभी संवर्गों के प्रतिनिधि को सदस्य के रूप में रखा जाए।

(v) राज्य के कर्मी/पदाधिकारी को बाह्य चिकित्सा सुविधा एवं सेवानिवृत कर्मी/पदाधिकारी के लिए लागू स्वास्थ्य सुविधा को केन्द्र के अनुरूप किया जाए।

(vi) राज्य के सभी कर्मी/पदाधिकारी की सेवानिवृति उम्र 60 से बढ़ाकर 65 की जाए।

सभी सेवा संवर्ग भवदीय से पुनः अनुरोध करती है कि सभी सेवा संवर्ग को एक साथ वार्त्ता हेतु समय एवं उपरोक्त समाधान करने की कृपा की जाए अन्यथा बाध्य होकर सभी सेवा संवर्ग आन्दोलन करने के लिए मजबूर हो जाएगे।

**ह0/–**
**(सुशील कुमार)**
महासचिव

**ह0/–**
**(सुरेश कुमार शर्मा)**
अध्यक्ष

**प्रतिलिपि** :– मुख्य सचिव, बिहार सरकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**ह0/–**
**(सुशील कुमार)**
महासचिव

**प्रतिलिपि** :– सभी सेवा संवर्ग के अध्यक्ष/महासचिव/महामंत्री को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(सुशील कुमार)**
महासचिव

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
* सुरेश कुमार शर्मा
मो० ~~9431818346~~/9431479774

महासचिव,
* सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :– * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम
संयुक्त सचिवः – * राजयनन्द वार्डियार
* अनिल कुमार
कोषाध्यक्षः – * चन्द्र शेखर सिंह
संयुक्त कोषाध्यक्षः – * विनोद आनन्द


पत्रांक : 13

दिनांक 12/4/2015

दिनांक 12.04.2015 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार शर्मा के अध्यक्षता में विभिन्न सेवा संवर्ग संगठनों के पदधारकों की बैठक बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन में हुई जिसमें निम्नांकित एसोसियेशन के प्रतिनिधियो ने भाग लिया :–

1 बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
2 बिहार पुलिस सर्विस एसोसियेशन
3 बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ
4 बिहार अभियंत्रण सेवा संघ
5 बिहार वित्त सेवा संघ
6 बिहार पशुपालन सर्विस एसोशियेसन
7 बिहार पुलिस एसोशियेसन
8 बिहार सचिवालय सेवा संघ
9 बिहार पुलिस मेन्स एसोशियेसन
10 बिहार अवर अभियंता सेवा संघ
11 बिहार सहकारिता प्रशासनिक सेवा संघ
12 बिहार प्रदेश फार्मेसी शिक्षक संघ
13 बिहार कृषि सेवा संघ
14 बिहार सांख्यिकी सेवा संघ
15 बिहार सहकारिता अंकेक्षण सेवा संघ
16 बिहार अनुसचिविय कर्मचारी सेवा संघ

दिनांक 29.03.2015 को सभी संवर्गों की हुई बैठक मे प्रोन्नति समिति की बैठक के रोक पर सभी सेवा संवर्ग के द्वारा काफी रोष व्यक्त किया गया था तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि इस मुद्दे पर माननीय मुख्यमंत्री से समाधान हेतु अप्रैल, 15 के दूसरे सप्ताह में सभी सेवा संवर्ग को एक साथ मिलने का समय देने का अनुरोध किया जाय। अप्रैल, 15 के तीसरे सप्ताह तक अगर समाधान नहीं निकलता है तो सभी सेवा संवर्ग एकजुट होकर अप्रैल, 2015 के चौथे सप्ताह में चरणबद्ध आन्दोलन का स्वरूप सरकार को संसूचित करेगा।

उपरोक्त के आलोक में सभी सेवा सम्वर्ग द्वारा पत्रांक–10 दिनांक 31.03.2015 द्वारा माननीय मुख्यमंत्री से वार्ता हेतु समय की मांग की गई थी। परन्तु माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अभी तक न तो समय दिया गया है और न ही इस संदर्भ में कोई सकारात्मक निर्णय लिया गया है। जिसपर सभी संघो द्वारा रोष व्यक्त किया गया। क्योंकि प्रोन्नति समिति की बैठक नहीं होने से अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य वर्ग के सभी कर्मी/पदाधिकारियों को प्रोन्नति बाधित है।

अतः माननीय मुख्यमंत्री से सभी संघो को वार्त्ता हेतु समय देने एवं उपरोक्त पर समाधान करने हेतु पुनः अनुरोध किया जाए, अन्यथा बाध्य होकर सभी सेवा संवर्ग उपरोक्त आन्दोलन करने के लिए मजबूर हो जाएगा।

2. बैठक में यह निर्णय हुआ कि सभी सेवा संवर्ग दिनांक 19.04.2015 को अपने–अपने संवर्ग का बैठक आयोजित कर उपरोक्त निर्णय से अवगत कराते हुए आन्दोलन के लिए तैयार रहने को कहा जाएगा।

3. दिनांक 26.04.2015 को 10:00 बजे पूर्वाहन् में सभी संवर्ग की बैठक बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन में होगी जिसमें आन्दोलन का स्वरूप पर एकमत होकर सरकार को संसूचित किया जाएगा।

(सुशील कुमार)
महासचिव

(सुरेश कुमार शर्मा)
अध्यक्ष

**प्रतिलिपि** :– सभी सेवा संवर्ग के अध्यक्ष/महासचिव/महामंत्री को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(सुशील कुमार)
महासचिव